*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति का कार्यकाल बढ़ाया गया

पंतनगर। 19 अगस्त 2025। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के कुलपति पद के लिए डा. मनमोहन सिंह चौहान को छह महीने का विस्तार दिया गया है। डा. चौहान का तीन वर्ष का कार्यकाल 28 अगस्त 2025 को पूर्ण हो रहा है। यह निर्णय विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति ले ज गुरमीत सिंह द्वारा लिया गया है। वर्तमान में नए कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया अभी चल रही है, जिसमें समय लगने की संभावना है। इस विस्तार के साथ डा. चौहान 29 अगस्त, 2025 से अगले छह माह तक, या जब तक नए कुलपति का चयन नहीं हो जाता, तब तक विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में अपना कार्यभार संभालेंगे। इस कदम से विश्वविद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में निरंतरता सुनिश्चित होगी। निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल ने बताया कि आज विश्वविद्यालय की 403वीं विद्वत परिषद की बैठक में यह शुभ समाचार मिला जिससे बैठक में उपस्थित विद्वत परिषद के सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।